Title : Regarding irregularities in redevelopment of Shahjahanpur Railway Station, Uttar Pradesh under Amrit Bharat Station Scheme-laid

**श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) :** मैं केन्द्र सरकार के प्रति आभार प्रकट करता हूं कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया है तथा इसके नवीनीकरण हेतु प्रथम चरण में 17 करोड़ रू० का आवंटन किया गया है । लेकिन, अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रिडेवलेपमेंट से संबंधित प्रकिया बहुत ही धीमी गति से चल रही है तथा कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है और कार्यदायी एजेंसी कार्य को अत्यधिक निम्न स्तर का कार्य कर रही है तथा अब तक केवल 10 प्रतिशत के आसपास ही कार्य को करवाया गया है । इस संबंध में, मेरे द्वारा मुरादाबाद उत्तर रेलवे के डी०आर०एम० का बार-बार ध्यान आकर्षित किए जाने के पश्चात भी वे इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से अमृत भारत स्टेशन योजना शाहजहांपुर में रफ्तार नहीं पकड़ रही है तथा कार्य भी गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हो रहा है । जिस कारण क्षेत्रीय जनता में क्षोभ व्याप्त है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत्त शामिल किए गए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन, जो देश का एक ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन भी है, का शीघ्र रिडेवलेपमेंट वरीयता के आधार पर अविलम्ब पूरा करवाए जाने और इस संबंध में शिथिलता बरतने तथा कार्यदायी एजेंसी के द्वारा मानक के अनुरूप कार्य न करवाए जाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और साथ ही गुणवत्ता के अनुरूप कार्य न करवाए जाने संबंधी प्रकरण में मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करके उससे विस्तृत जाच करवाए जाने और जांच अधिकारियों को जांच के दौरान मुझसे भी सम्पर्क किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए ।